यूनान की संसद ने पहली महिला राष्ट्रपति को चुना

एथेंस, एएफपी। *यूनान की संसद ने बुधवार को देश के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति को निर्वाचित किया, जो एक वरिष्ठ न्यायाधीश हैं, जिन्हें पर्यावरण और संवैधानिक कानून में विशेषज्ञता हासिल है। संसद प्रमुख कोस्टास तसौलस ने कहा कि 261 सांसदों ने 63 वर्षीय एकातेरिनी सकेलारोपोउलोउ के पक्ष में मतदान किया। तसौलस ने कहा, ''एकातेरिनी सकेलारोपोउलोउ को गणतंत्र का राष्ट्रपति चुना गया है।'' उन्होंने कहा कि नयी राष्ट्रपति 13 मार्च को अपने पद की शपथ लेंगी, जो अब तक यूनान के शीर्ष प्रशासनिक न्यायालय, राज्य परिषद् की प्रमुख थीं।*

परदेश/कूटनीति

सार समाचार

उत्तरी बुर्किना फासो जिहादी हमले में 36 लोगों की मौत

औगाडौगू, एएफपी। उत्तरी बुर्किना फासो के गांवों में सोमवार को आतंकवादी हमले में 36 लोगों की मौत हो गई। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों से जिहादियों के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने की अपील की है। सरकार ने बताया, ''आतंकवादी समूह'' ने नागराओगो गांव के बाजार में हमला किया और 32 लोगों की हत्या कर दी। इससे पहले अलमाउ गांव में उन्होंने चार लोगों की हत्या की थी। इसमें बताया गया कि हमलों में तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। नागरिकों के खिलाफ ''लगातार हो रहे हमलों'' के मद्देनजर सरकार ने लोगों से रक्षा एवं सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने की अपील की है। बुर्किना फासो की संसद ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक कानून भी पारित किया, जिसमें जिहादियों के खिलाफ लड़ाई में स्थानीय स्वयंसेवकों की भर्ती करने की अनुमति दी गई है। इन लोगों को ''हल्के हथियार'' मुहैया कराए जाएंगे।

लीबिया संघर्ष को समाप्त करने के लिये सभी संबंद्ध देश प्रतिबद्ध

संयुक्त राष्ट्र, स्पूतनिक। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि बर्लिन सम्मेलन में बातचीत की टेबल पर बैठे सभी संबंद्ध देश लीबिया मे संघर्ष को समाप्त करने के लिये प्रतिबद्ध है। गुटेरेस ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, "मुझे सोचता हूं कि यह मान्यता बहुत महत्वपूर्ण है एक प्रमुख कदम है।" उन्होंने कहा, "यह पहली बार संभव हुआ जब बातचीत की टेबल पर बैठने वाले सभी देश जो संघर्ष से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से इससे जुड़े हुये है बिना हस्तक्षेप के युद्धविराम का समर्थन करने के लिये प्रतिबद्ध है।" उल्लेखनीय है कि रूस, अमेरिका, तुर्की, मिस्र, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बर्लिन में लीबिया में संघर्ष के समाधान के लिए बैठक कर रहे है।

अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए दस नागरिक

काबुल, एपी। पश्चिमी अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं ने तालिबानी से अलग हो चुके एक समूह को निशाना बनाते हुए इस महीने की शुरूआत में ड्रोन से हमला किया था। इस हमले में तीन महिलाओं और तीन बच्चों समेत कम से कम दस नागरिक भी मारे गए हैं। एक अफगान अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के मानवाधिकार आयोग के अधिकारी के अनुसार हमला पश्चिमी हेरात प्रांत में शिंदनाद जिले में हुआ। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि हमले में दो बच्चों समेत पांच अन्य नागरिक घायल हो गए। इस मामले में अमेरिकी या अफगान सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई लेकिन हेरात के एक प्रांतीय परिषद सदस्य वकील अहमद करोखी ने कहा कि आठ जनवरी को हुए हमले में अलग हो चुके तालिबानी समूह के कमांडर मुल्ला नांग्यालिया समेत 15 आतंकियों को मार गिराया गया था। कमांडर का अंतिम संस्कार अगले दिन किया गया था जिसमें दर्जनों आतंकी शामिल हुए थे।

ट्रम्प ने एक बार फिर की कश्मीर मुद्दा सुलझाने में 'मदद' की पेशकश

दावोस ■ भाषा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वाशिंगटन कश्मीर मामले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच घटनाक्रम पर '' करीबी नजर '' बनाए है। साथ ही उन्होंने एक बार फिर दोनों पड़ोसी देशों के बीच इस विवाद को सुलझाने में '' मदद '' करने की पेशकश की।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में हिस्सा लेने यहां पहुंचे ट्रम्प ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ निजी बैठक से पहले पत्रकारों से कहा कि व्यापार और सीमा विवाद दोनों ही चर्चा के महत्वपूर्ण बिंदु हैं। जबकि खान ने कहा कि उनके लिए, अफगानिस्तान सर्वोच्च प्राथमिकता है। ट्रम्प ने खान से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मौजूदा कश्मीर मुद्दे पर बातचीत करेंगे।

ट्रम्प के आगामी सप्ताह में भारत दौरे पर आने की संभावना है। राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी।

उन्होंने कहा, '' भारत और पाकिस्तान के बीच जो चल रहा है... अगर हम मदद कर सकते हैं, तो हम निश्चित तौर पर करना चाहेंगे। हमने इस पर करीबी नजर बना रखी है और मेरे दोस्त के साथ यहां होना गर्व की बात है।'' ''मेरे दोस्त'' का संबोधन उन्होंने इमरान खान के लिए दिया।

वहीं खान ने कहा, '' पाकिस्तान-भारत का विवाद हमारे लिए एक बड़ा मुद्दा है और हम अमेरिका से तनाव कम करने में अपनी भूमिका निभाने की उम्मीद करते हैं क्योंकि कोई और देश यह नहीं कर सकता।''

गौरतलब है कि पांच अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त करने और उसे दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव कायम है।

भारत ने जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न हिस्सा बताते हुए अमेरिका या संयुक्त राष्ट्र सहित किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की बात को लगातार सिरे से खारिज किया है। उसका कहना है कि यह पाकिस्तान और उसका द्विपक्षीय मामला है। वहीं पाकिस्तान लगातार तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की मांग करता रहा है। एक संवाददाता ने ट्रम्प से पूछा कि क्या भारत दौरे के समय वह पाकिस्तान भी जाना चाहेंगे। इस पर ट्रम्प ने कहा कि वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से दावोस में मिल रहे हैं। उन्होंने कहा ''पाकिस्तान के साथ हम इतने करीब नहीं थे जितने हम अभी हैं। और यह बड़ा बयान है।''

डॉनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई शुरू

वाशिंगटन ■ भाषा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ ऐतिहासिक महाभियोग की सुनवाई मंगलवार को सीनेट में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों और विपक्षी डेमोक्रेट सदस्यों में आरोप-प्रत्यारोप के बीच शुरू हुई।

मंगलवार को शुरू हुई महाभियोग की कार्यवाही से एक हफ्ते पहले डेमोक्रेट्स के बहुमत वाले निचले सदन में चल रही कार्यवाही को ऊपरी सदन सीनेट भेजने के पक्ष में सांसदों ने मतदान किया था। सीनेट में कार्यवाही चलाए जाने के पक्ष में 228 सांसदों ने जबकि विपक्ष में 193 सांसदों ने वोट दिया था।

महाभियोग को सीनेट भेजे जाने से पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पैलोसी ने इसके तहत लगाए गए आरोपों पर हस्ताक्षर किए थे। सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है।

प्रतिनिधि सभा ने सात महाभियोग प्रबंधकों की नियुक्ति भी की है, जो ट्रम्प को अमेरिकी राष्ट्रपति पद से हटाने के लिए डेमोक्रेट्स के प्रस्ताव की पैरवी करेंगे।

435 सदस्यीय निचले सदन में डेमोक्रेट्स बहुमत में हैं। सदन में एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जांच करने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाने के मामले में ट्रंप पर गंभीर आरोप लगाते हुए 18 दिसंबर को महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की गई।

राष्ट्रपति के वकीलों ने सोमवार को अपने निवेदन में पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाया और अनुरोध किया कि सीनेट को जल्द और एकजुट होकर निंदा करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जो भी आरोप राष्ट्रपति के खिलाफ लगाए गए हैं वह खारिज होने चाहिए और उन्हें तुरंत आरोपमुक्त घोषित करना चाहिए ।

डेमोक्रेट सांसदों ने सीनेट के नेता मिच मैककोनेल पर आरोप लगाया कि वह इस प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित नियम लाकर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

अमेरिका ने सीपीईसी की आलोचना की

पाकिस्तान को दी चीन के जाल में फंसने की चेतावनी।

इस्लामाबाद ■ भाषा

वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक ऐलिस वेल्स ने एक बार फिर 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की आलोचना की और कहा कि इस परियोजना में पारदर्शिता नहीं है तथा इससे पाकिस्तान पर कर्ज का बोझ बढ़ जाएगा।

उन्होंने अपनी चार दिवसीय पाकिस्तान यात्रा के दौरान यहां एक कार्यक्रम में कहा कि विश्व बैंक द्वारा प्रतिबंधित कंपनियों को सीपीईसी के ठेके दिए गए हैं। वेल्स दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों की उप विदेश मंत्री हैं।

सीपीईसी सड़क, रेलवे और ऊर्जा परियोजनाओं का एक नियोजित नेटवर्क है, जो चीन के संसाधन संपन्न शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र को अरब सागर पर पाकिस्तान के रणनीतिक ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। वेल्स ने पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान से कहा था कि वह सीपीईसी पर चीन से "कड़े सवाल" करे क्योंकि इससे उसकी अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक वेल्स ने कहा कि सीपीईसी में पारदर्शिता नहीं है और चीन के वित्तपोषण से पाकिस्तान पर कर्ज बढ़ रहा है।

उन्होंने पाकिस्तान से इस परियोजना पर फिर विचार करने के लिए कहा।

नये विषाणु की सभी जानकारी सार्वजनिक करे चीन



ताइपे ■ एपी

ताइवान की राष्ट्रपति त्सई इंग-वेन ने बुधवार को चीन से अपील की है कि वह हाल में फैले नये विषाणु की जानकारी सार्वजनिक करे और इसको फैलने से रोकने के लिए ताइवान के साथ मिलकर काम करे। उन्होंने डब्ल्यूएचओ से भी ताइवान को अपनी बैठकों में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की।

चीन के दबाव के चलते ताइवान विश्व स्वास्थ्य संगठन का सदस्य नहीं है और इसलिए उसे किसी भी बैठक में शामिल होने की अनुमति नहीं है। हालांकि, बड़ी संख्या में ताइवानी चीन में रहते हैं या वहां की यात्रा करते हैं जहां पर यह विषाणु फैला है और सैकड़ों लोग संक्रमित हुए हैं एवं नौ लोगों की अब तक मौत हुई है। चीन के वुहान शहर में सबसे पहले इस विषाणु का संक्रमण हुआ था।

चीन के प्रतिबंधों के बावजूद ताइवान रोग नियंत्रण केंद्र ने इस महीने के शुरू में कहा था कि चीनी समकक्ष ने 15 जनवरी को विषाणु फैलने की जानकारी दी । और उसने बीमारी को बेहतर तरीके से समझने के लिए अपने दो विशेषज्ञों को वुहान के स्वास्थ्य केंद्रों के दौरे पर भी भेजा था। हालांकि, त्सई ने इसका उल्लेख बुधवार को नहीं किया। त्सई ने पत्रकारों से कहा, '' अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सदस्य होने के नाते मैं चीन से अपील करती हूं कि उसे विषाणु के फैलने पर पारदर्शिता बरतने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए और ताइवान के साथ सटीक सूचना साझा करे।''

उन्होंने कहा कि पूर्व में अज्ञात करोनावाइरस के एक मामले की पुष्टि ताइवान में हुई है। मकाउ, दक्षिण कोरिया, जापान, थाईलैंड और अमेरिका में भी मामले सामने आए हैं। ताइवानी मरीज कारोबारी है और हाल में वुहान से लौटा है और अब उसकी सेहत में सुधार हो रहा है।''

त्सई ने कहा, '' सूचना साझा करना चीनी आबादी और बीजिंग के लिए भी महत्वपूर्ण है और अपने लोगों की रक्षा के लिए राजनीतिक चिंताओं को ऊपर नहीं रखना चाहिए।''

उल्लेखनीय है कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और उसका कहना है कि अधिकतर अंतरराष्ट्रीय निकायों में वह प्रतिनिधित्व के योग्य नहीं है।

इस पर त्सई ने कहा, '' मैं दोहराना चाहती हूं कि ताइवान अंतरराष्ट्रीय समाज का हिस्सा है। यहां की 2.3 करोड़ आबादी दुनिया के किसी अन्य हिस्से में रह रहे लोगों की तरह ही है जो स्वास्थ्य खतरे का सामना कर रही है।

त्सई ने डब्ल्यूएचओ से भी अपने देश को इस संकट से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदम में शामिल करने की मांग की।

उन्होंने कहा, ''मैं डब्ल्यूएचओ से दोबारा आह्वान करती हूं कि राजनीतिक कारणों से ताइवान को अलग नहीं रखे। ताइवान वैश्विक संक्रमण बीमारी की रोकथाम में अग्रिम पंक्ति पर है। ताइवान की सहभागिता के लिए डब्ल्यूएचओ में स्थान है।''

उधर, बीजिंग में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा कि ताइवानी विशेषज्ञों ने 13 -14 जनवरी को वुहान का दौरा किया था और चीनी विशेषज्ञों से बातचीत की थी।

आर्थिकी/कंपनियां

शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट में

सेंसेक्स 208 और निफ्टी 63 अंक लुढका, ओएनजीसी में पांच प्रतिशत से अधिक का नुकसान।

मुंबई ■ भाषा

बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती लाभ गंवाकर 208 अंक टूटकर बंद हुआ। ऊर्जा, बिजली, वाहन और वित्तीय कंपनियों के शेयर दबाव में रहे।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन के उच्चस्तर से फिसलकर 473 अंक तक के नुकसान में आ गया था। अंत में सेंसेक्स 208.43 अंक या 0.50 प्रतिशत के नुकसान से 41,115.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 41,532.29 अंक का उच्चस्तर और 41,059.04 अंक का निचला स्तर छुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 62.95 अंक या 0.52 प्रतिशत के नुकसान से 12,106.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर सबसे अधिक 5.13 प्रतिशत टूटा। इसके बाद एनटीपीसी, मारुति, कोटक बैंक, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर नेस्ले इंडिया, टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एसबीआई और भारती एयरटेल के शेयर 1.86 प्रतिशत तक चढ़ गए।

विश्लेषकों का कहना है कि आम बजट से पहले ज्यादातर बड़े शेयर बिकवाली दबाव के चलते 'सुधार' प्रक्रिया में है। इसके अलावा वैश्विक एजेंसियों द्वारा भारत के वृद्धि अनुमान को घटाने और कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद के अनुकूल नहीं रहने की वजह से भी घरेलू निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी लाभ में रहे। ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.67 प्रतिशत के नुकसान से 64.16 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया

45,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी गेल

नई दिल्ली, भाषा। देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लि. की राष्ट्रीय गैस पाइपलाइन ग्रिड और शहरी गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार में अगले पांच साल में 45,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन आशुतोष कर्नाटक ने कहा कि इससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गैस पाइपलाइन के जरिये देश के पूर्वी और उत्तरी पूर्वी क्षेत्रों के साथ-साथ दक्षिण में ग्राहकों तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन को पहुंचाने की योजना है। सरकार की कुल ऊर्जा खपत में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 2030 तक बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की योजना है। फिलहाल इसकी हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत है। गेल का यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गैस आधारित अर्थव्यवस्था सृजित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

बिजनेस सुर्खियां

सोना 400 रुपये लुढ़का, चाँदी 900 उतरी

नई दिल्ली, वार्ता। विदेशों में कीमती धातुओं में रही नरमी के कारण बुधवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 400 रुपये उतरकर 41070 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा और चांदी 900 रुपये टूटकर 47200रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 1.56 डॉलर उतरकर 1,558.45 डॉलर प्रति औंस पर रहा। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 6.60 डॉलर लुढ़ककर 1,549.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.07 डॉलर उतरकर 17.78 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 400 रुपये उतरकर 41,070 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। सोना बिटुर भी इतनी की ही गिरावट लेकर 40,900 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 30,800 रुपये रह स्थिर रही। चाँदी हाजिर 900 रुपये उतरकर 47,200 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। चाँदी वायदा 881 रुपये उतरकर 46,075 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली गत दिवस के क्रमशः 970 रुपये और 980 रुपये प्रति इकाई पर टिके रहे।

हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लि. को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली, भाषा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लि. (एचएफएल) को बंद करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। इस कंपनी में केवल 88 कर्मचारी कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय का निर्णय किया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, ''सीसीईए ने रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक उपक्रम एचएफएल को बंद करने को मंजूरी दे दी है।'' एचएफएल 2013-14 से नुकसान में है और उसका नेटवर्थ घटकर नकारात्मक हो गया है। 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार कंपनी को 62.81 करोड़ रुपये का संचयी नुकसान हुआ और उसकी नेटवर्थ उसकी कुल देनदारी के मुकाबले 43.20 करोड़ रुपये कम है।''

सेहत के लिए रसोई में उत्कृष्ट उत्पाद जरूरी

नई दिल्ली। देश की बढ़ती जनसंख्या के सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य के लिए रसोई में मसालों और खाने-पीने की सभी चीजें उत्कृष्ट होनी आवश्यक हैं। इधर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों में ऑर्गेनिक चीजों का चलन बढ़ा है। रसायनों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल के कारण खानपान की चीजें विषाक्त हो रही हैं। इसका हमारे स्वास्थ्य पर घातक असर पड़ता है। इसलिए अब ऑर्गेनिक उत्पादों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। जनता को ऑर्गेनिक, उत्कृष्ट, भरोसेमंद उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए ट्रुपिक फूड्स प्रा. लि. ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कदम रखे हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक लोकेश धनवंतरी ने बताया कि ट्रुपिक के उत्पादों की पैकिंग में एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी बिना किसी बिचौलिए के सीधे किसानों से माल खरीदती है इसलिए चीजों को उत्कृष्ट बनाए रखने के साथ उन्हें पारंपरिक उत्पादों जितनी कीमत पर ही बेचा जाएगा। इससे लोगों को ऑर्गेनिक उत्पाद खरीदने के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।

कंपनी के चेयरमैन जसबीर ने बताया कि ट्रुपिक ने करीब 1000 करोड़ रुपए का आरंभिक निवेश किया है। कंपनी मुख्य रूप से छोटे किसानों से माल खरीदेगी जिससे उन्हें सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

कंपनी के मुख्य उत्पादों में लाल चावल, सोना मसूरी चावल, कोलम चावल, पीली मसूर, काली मसूर हरा चना, इत्यादि शामिल हैं। कंपनी काली इलायची, हरी इलायची, सरसों बीज, मिर्च, नीम तेल जैसे 86 ब्रैंडिड चीजों के साथ बाजार में आई है और जल्द ही 136 ऐसे उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।

टाटा मोटर्स ने प्रीमियम हैचबैक श्रेणी में रखा कदम

मुंबई, भाषा। टाटा मोटर्स ने बुधवार को अल्ट्रोज को बाजार में उतार कर प्रीमियम हैचबैक श्रेणी में कदम रखा। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 5.29 लाख रुपये है।

कंपनी ने अल्ट्रोज के अलावा नेक्सन , टियागो और टिगोर का बीएस -6 संस्करण भी पेश किया है। टाटा मोटर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक गुंटर बुश्चेक ने कहा, 'हमने साल की शुरुआत में एक आक्रामक उत्पाद पेश करने का वादा किया था और हम यहां हैं। ईंधन दक्ष , स्वच्छ और टिकाऊ समाधान (वाहन) को हकीकत में बदलना आज की जरूरत है। हमने बीएस -6 इंजन वाले नए पीढ़ी के वाहन को बाजार में उतारकर एक शुरुआत की है।'

इंडिया रेटिंग्स

रोजगार सृजन तथा आय बढ़ाने वाला हो बजट

नई दिल्ली ■ वार्ता

साख निर्धारक तथा बाजार सलाह एवं अध्ययन कंपनी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती के कारक निकट भविष्य में दूर होते नहीं दिख रहे और सरकार को बजट में इस प्रकार निवेश करना चाहिये जिससे रोजगार सृजन हो तथा लोगों की व्यय योग्य आय बढ़े।

एजेंसी की आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा अनुमानित पाँच प्रतिशत की विकास दर के अगले वित्त वर्ष में मामूली सुधार के साथ 5.5 प्रतिशत पर पहुँचने की उम्मीद है। उसने कहा है कि विकास दर के 5.5 पाँच प्रतिशत से नीचे रहने का जोखिम बना रहेगा।

इंड-रा के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कई कारक हैं। इनमें बैंकों के ऋण उठाव में सुस्ती और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के ऋण उठान में अचानक तेज गिरावट, आम लोगों की आमदनी और उनकी बचत में कमी आना तथा फँसी हुई पूँजी से जुड़े विवादों के जल्द निपटारे में समाधान और न्याय प्रणाली की विफलता प्रमुख हैं।

एजेंसी ने कहा "हालाँकि वित्त वर्ष 2020-21 में कुछ सुधार की उम्मीद है, लेकिन ये सभी नकारात्मक कारक बने रहेंगे। इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था कम उपभोग तथा कम निवेश के दौर में उलझी रहेगी। इंड-रा का मानना है कि इस स्थिति से निपटने के लिए नीतिगत स्तर पर बड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि घरेलू माँग बढ़े और अर्थव्यवस्था ऊँची विकास दर के रास्ते पर दुबारा लौट सके।"

उसने कहा कि सरकार ने आर्थिक सुस्ती से निपटने के लिए पिछले कुछ समय में कई उपायों की घोषणा की है, लेकिन उनके फायदे मध्यम अवधि में ही सामने आयेंगे। इसलिए 01 फरवरी को संसद में पेश होने वाले बजट से काफी उम्मीदें हैं। उसने कर राजस्व तथा गैर-कर राजस्व में गिरावट की आशंका जताते हुये कहा कि इससे वित्तीय घाटा बढ़ सकता है। रिजर्व बैंक से प्राप्त अधिशेष राशि को जोड़ने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वित्तीय घाटा 3.6 प्रतिशत पर पहुँच सकता है।

कैनन ने पेश किया ईओएस-1डी एक्स मार्क।।। कैमरा

नई दिल्ली, वार्ता। कैनन इंडिया ने डिजाइन के अपने सर्वोत्तम स्तर के ईओएस-1 डी एक्स मार्क।।। कैमरा बुधवार को लाँच करने का ऐलान किया।

कैनन इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी काजुतदा कोबायाशी ने इस कैमरे को लाँच करते हुए कहा कि हमने प्रीमियम उत्पाद एवं सेवायें प्रदान करने के मामले में उपभोक्ताओं के बीच एक विशिष्ट स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा," हम 2020 की शुरुआत ईओएस ईओएस-1डी एक्स मार्क।।। के लाँच के साथ हम प्रत्येक उपभोक्ता को शानदार फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए समर्थ बनाते हैं। यह कैमरा हमारी फ्लैगशिप ईओएस-1डी सीरीज में सबसे नया उत्पाद है। हमें विश्वास है कि हमारी नयी प्रस्तुति भारत में पेशेवर फोटोग्राफर को उत्तम सेवायें देगी और इमेजिंग के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी।''

कैनन के निदेशक (कंज्यूमर सिस्टम प्रोडक्ट एवं इमेजिंग कम्युनिकेशन प्रोडक्ट्स) सी सुकुमारन ने इस मौके पर कहा कि यह कैमरा बेतहर स्पीड और इमेज क्वालिटी प्रदान करता है। कंपनी को विश्वास है कि ईओएस-1डी मार्क।।। फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर को अपनी रचनात्मकता का विस्तार करने में समर्थ बनायेगा।

उन्होंने कहा कि इस कैमरे में शानदार स्पीड मशीन और बाजार में उपलब्ध सबसे तेज डीएसएलआर है। यह 16 एफपीएस तक की लगातार शूटिंग स्पीड प्रदान करता है। यह ड्यूल पिक्सल सीमॉस एएफ का नवीनतम संस्करण है। इसमें हाई रिजॉल्यूशन टच स्क्रीन है जो टच फोक एवं केप्चरिंग दोनों के लिए काम करती है। नवीनतम सेमीकंडक्टर टेक्नॉलाजी है और इसमें कैनन द्वारा डिजाइन एवं विकसित ऑटोफोकस सिस्टम है। यह ईओएस-1डी एक्स मार्क।। के मुकाबले 28 गुना रिजॉल्यूशन प्रदान करती है।

बजट में कागज पर सीमा शुल्क पर हो बढ़ोतरी: उद्योग

नई दिल्ली, वार्ता। कागज के भारी पैमाने पर आयात से घरेलू उद्योगों के हितों की हिफाजत की दिशा में सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से उत्साहित घरेलू कागज उद्योग ने आगामी बजट में आयातित कागज पर सीमा शुल्क बढ़ोतरी की मांग की है।

भारत का कागज उद्योग 70,000 करोड़ रुपये का है। भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में आयातित कागज पहुंचता है। इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने बजट से अपनी उम्मीद जाहिर करते हुये कहा कि देश में कम या शून्य आयात शुल्क विशेषरूप से मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) के प्रावधानों का लाभ उठाते हुए कई बड़े पेपर उत्पादक देश भारतीय बाजार को लक्ष्य बना रहे हैं।

आईपीएमए के अनुसार वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए भारतीय पल्प एवं पेपर उद्योग संकट में है। बड़े पेपर उत्पादक देश तेजी से उभरते भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में पेपर और पेपरबोर्ड का निर्यात कर रहे हैं। इन देशों में इंडोनेशिया और चीन शामिल हैं, जहां के मैन्यूफैक्चरर्स को निर्यात पर बड़े इन्सेंटिव मिलते हैं। साथ ही उन्हें सस्ता कच्चा माल और ऊर्जा भी उपलब्ध है।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
पंजी. कार्यालयः ए-902 ए, रीको इंडस्ट्रियल, एरिया, फेज-।।।, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
ई-मेलः cs@titanbiotechltd.com | फोनः 011-27355742
CIN: L74999RJ1992PLC013387 | वेबसाईटः www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी उल्लिखित प्रतिभूतियों के लिए प्रमाणपत्र को खो दिया / गुम हो या है और उक्त प्रतिभूतियों के धारक ने कंपनी को डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन किया है।

किसी भी व्यक्ति को, जो उक्त प्रतिभूतियों के संबंध में दावा करता है, कि इस तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने पंजीकृत कार्यालय में कंपनी के साथ इस तरह के दावे को प्रस्तुत करना चाहिए, अन्यथा कंपनी आगे के सूचना के बिना डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी।

धरको का नाम	प्रतिभूतियों और अंकित मूल्य के प्रकार	फोलियो नं.	प्रतिभूतियों की संख्या	डसटिन्कटिव नं.
अनीता गुप्ता सुधांशु कुमार गुप्ता	इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक अंकित मूल्य)	15088	100 शेयर	663771-663870
नीतू गुप्ता नरेश कुमार गुप्ता	इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक अंकित मूल्य)	15089	100 शेयर	663671-663770

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक : 22.01.2020
स्थान : दिल्ली